# ईद की नमाज के चलते पुराने शहर में रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ईद-उल-फितर पर पुराने शहर की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। 20 या 21 मार्च की सुबह 6:00 बजे से नमाज खत्म होने तक ये बदलाव लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक रवीना त्यागी ने बताया कि ट्रैफिक के सुचारु संचालन के लिए कुछ रास्तों पर यातायात का बदलाव किया गया है। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। इस दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर ट्रैफिक कंट्रोल नंबर 9454405155 पर संपर्क कर सकते हैं।

- **सुबह 6 बजे से नमाज समाप्ति तक लागू रहेगी व्यवस्था**



### इधर से न जाएं

- सीतापुर रोड से आने वाले वाहन डालीगंज रेलवे क्रांसिग तिराहे से पक्के पुल (टीले वाली मस्जिद) की तरफ।
- पक्का पुल खदरा साइड तिराहा से वाहन पक्का पुल की तरफ।
- हरदोई रोड/बालागंज से बड़े इमामबाड़े व टीले वाली मस्जिद के तरफ।
- कोनेश्वर चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा, टीले वाली मस्जिद की तरफ।
- नींबू पार्क चौराहे से बड़ा इमामबाड़ा व टीले वाली मस्जिद की तरफ।
- नींबू पार्क ओवरब्रिज से रूमी गेट की तरफ।
- चौक तिराहा से नींबू पार्क (रूमी गेट चौकी) चौराहा की तरफ।
- मेडिकल क्रास चौराहे से फूलमंडी, खुन-खुन जी गर्ल्स कालेज, नींबू पार्क चौराहे की तरफ।
- शाहमीना तिराहे से पक्का पुल (टीले वाली मस्जिद) की तरफ।
- डालीगंज पुल चौराहे से सीतापुर रोड की तरफ जाने वाली बस व अन्य वाहन पक्का पुल की तरफ।
- शाहमीना तिराहे से कैसरबाग होते हुए हरदोई रोड की तरफ जाने वाली रोडवेज, सिटी बस पक्का पुल, बड़ा इमामबाड़ा की तरफ।
- एवरेडी तिराहे से मिल एरिया की ओर बडे.वाहन/कार्मिशियल वाहन।
- नाका से ऐशबाग की ओर नमाज में सम्मिलित होने वाले वाहनों के अलावा अन्य वाहन नहीं जाएंगे।
- यहियागंज वाटर वर्क्स रोड की ओर से ऐशबाग ईदगाह की ओर नमाजियों केअलावा अन्य वाहन नहीं जाएंगे।
- रकाबगंज पुल चौराहे से वाहन नक्खास या यहियागंज की ओर।
- ऐशबाग पुल के नीचे नाका की तरफ से वाहन ऐशबाग ओवरब्रिज होते हुए ईदगाह की ओर।
- राजेंद्र नगर चौराहे से वाहन ऐशबाग ओवरब्रिज से ईदगाह की ओर।
- बाबूलाल हलवाई व मास्टर कन्हैया लाल रोड से ईदगाह की ओर।

### इधर से जाएं

- डालीगंज क्रासिंग ओवरब्रिज से बाएं मुड़कर चौराहा नं-आठ निरालानगर से आईटी चौराहा की ओर।
- बंधा रोड या नया पुल से होकर।
- वाहन कोनेश्वर मंदिर चौराहे से दाएं चौक चौराहा, मेडिकल कालेज होकर।
- वाहन कोनेश्वर मंदिर चौराहे से चौक चौराहा, मेडिकल क्रास (कमला नेहरू), शाहमीना तिराहा या नींबू पार्क चौराहे से नया पुल होकर।
- वाहन कोनेश्वर चौराहा या नींबू पार्क के पीछे नया पुल होकर।
- वाहन मेडिकल क्रास होकर।
- वाहन चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होक।
- वाहन मेडिकल कालेज या डालीगंज पुल, आईटी होकर।
- वाहन आईटी, कपूरथला, पुरनिया होकर।
- रोडवेज व सिटी बस शाहमीना तिराहे से बाएं मेडिकल कालेज, चौक चौराहा, कोनेश्वर चौराहा होकर।
- वाहन मवैया ओवरब्रिज/लंगड़ा फाटक ओवरब्रिज, राजाजीपुरम होकर।
- रकाबगंज पुल/नत्था तिराहा, मवैया होकर।
- अन्य वाहन यहियागंज तिराहा से नक्खास तिराहा होकर।
- वाहन नाका या मेडिकल कॉलेज होकर।
- वाहन ऐशबाग पुल के नीचे से ही वापस मोतीनगर होकर।
- वाहन मोतीनगर होते हुए ।
- बाबूलाल हलवाई चौराहा से होकर।
- वाहन ठाकुरगंज होकर।

### यहां नामाजियों के वाहन ही जाएंगे

- मिल एरिया से बुलाकी अड्डा की तरफ तुलसीदास मार्ग पर।
- बुलाकी अड्डा तिराहे से लाल माधव (हैदरगंज) की ओर।
- लाल माधव तिराहा (हैदरगंज) से ईदगाह की तरफ।
- यहियागंज से ईदगाह ऐशबाग की तरफ।




### इधर वाहनों पर पूरी तरह रहेगा प्रतिबंध

- गूंगा-बहरा व रस्तोगी इंटर कालेज (कपूर मोर्टस) तिराहे से ऐशबाग ईदगाह की ओर।
- पीली कालोनी के अंदर से ऐशबाग ईदगाह की तरफ।
- एसएन मिश्रा द्वार तिराहे से ईदगाह की ओर।
- मोतीझील कालोनी से ऐशबाग ईदगाह की तरफ।
- अंजुमन चौराहा से ऐशबाग ईदगाह की ओर।

## नवरोज पर रहेगा ट्रैफिक डायवर्जन

अमृत विचार, लखनऊ : शिया समुदाय 21 मार्च को नवरोज त्योहार मनाएगा। इसके चलते 21 मार्च को सुबह 6 :00 बजे से दोपहर 2 :30 बजे तक डायवर्जन लागू रहेगा। डीसीपी ट्रैफिक के अनुसार मेडिकल क्रास (चरक) चौराहा से वाहन अकबरी गेट (मेफेयर) तिराहा, नक्खास तिराहे की ओर वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन मेडिकल कालेज चौराहा या चौक, कोनेश्वर चौराहा होकर जाएंगे। नक्खास तिराहा से अकबरी गेट (मेफेयर), मेडिकल क्रास (चरक) चौराहे की ओर वाहन नहीं जाएंगे। ये वाहन नादान महल रोड, रकाबगंज पुल होकर जाएंगे।टुड़ियागंज (बिल्लौचपुरा) तिराहा से वाहन नक्खास तिराहा या गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज की ओर नहीं जाएंगे। ये वाहन हैदरगंज (लालमाधव) होकर जा सकेंगे। हैदरगंज (लालमाधव) से वाहन टुड़ियागंज (बिल्लौचपुरा) या नक्खास की ओर नहीं जाएंगे। ये वाहन ऐशबाग, नाका, बुलाकी अड्डा होकर होकर जा सकेंगे।




## प्रथम शैलपुत्री



नवरात्र के प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं। इसी वजह से मां के इस स्वरूप को शैलपुत्री कहा जाता है। इनकी आराधना से हम सभी मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। मां शैलपुत्री का प्रसन्न करने के लिए बीज मंत्र जपना चाहिए। इसके प्रभाव से माता जल्दी ही प्रसन्न होती हैं। देवी शैलपुत्री की पूजा से चंद्र दोष समाप्त होता है।

बीज मंत्र........माँ शैलपुत्री : ह्रीं शिवायै नम:

## न्यूज ब्रीफ

### कीर्तिवर्धन की सहयोगी कांति सिंह को मिली राहत

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने जमीन विवाद से जुड़े एक मामले में केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह की कथित सहयोगी कांती सिंह को राहत देते हुए उनके खिलाफ चल रही आपराधिक कार्यवाही पर अंतरिम रोक लगा दी है। कोर्ट ने मामले को विचारणीय मानते हुए प्रतिवादियों को नोटिस भी जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई छह सप्ताह बाद होगी । यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने कांती सिंह की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि एक जमीन विवाद को लेकर उसके तथा केंद्रीय राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह समेत पांच लोगों के खिलाफ वर्ष 2024 में गोंडा के मनकापुर थाने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### जमीन कब्जे के विरोध में परिवार पर हमला

**अमृत विचार, बख्शी का तालाब :** थाना क्षेत्र के रामपुर बेहड़ा गांव में जमीन कब्जे को लेकर बिल्डर ने साथियों संग परिवार को बेरहमी से पीटा। नीतू ने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12 :30 बजे हरिहर नगर इंदिरानगर निवासी बिल्डर हरिश्चन्द्र सहयोगियों इमरान, सतीश व अन्य अज्ञात लोगों के साथ उनकी जमीन पर पहुंचा। कब्जा करते हुए बाउंड्रीवाल का निर्माण कराने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने नीतू को पीटा। पीड़िता के शोर मचाने पर भाई उदय प्रताप, रामसागर, रामगोपाल, माधौ प्रसाद, पत्नी गुड़िया, रेनू और सुनीता मदद के लिए पहुंचे तो हमलावरों ने उन्हें भी मारा। पीड़ित ने 112 पर सूचना देने के साथ थाने में शिकायत की।

# प्रसव के एवज में 200 रुपये न देने पर गर्भवती को अस्पताल से निकाला

## पति ने गोसाईगंज सीएचसी की नर्स पर आरोप लगा अधीक्षक से की शिकायत

संवाददाता, गोसाईगंज

**अमृत विचार:** गोसाईगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में ड्यूटी पर तैनात नर्स पर गर्भवती महिला से प्रसव कराने के नाम पर पैसे मांगने और इंकार करने पर उसे अस्पताल से निकालने का आरोप लगा है।

11 मार्च को सुल्तानपुर रोड स्थित सेखनापुर गांव निवासी साजन अपनी पत्नी खुशबू को प्रसव पीड़ा होने पर सीएचसी लेकर पहुंचे थे। वहां डॉक्टर सरला ने जांच के बाद महिला को भर्ती कर लिया। आरोप है कि रात करीब 8 बजे ड्यूटी पर आई नर्स बबिता ने पहले अन्य नर्सों अनीता और शशि से विवाद किया। इसके बाद वह डिलिवरी रूम पहुंची और खुशबू से प्रसव कराने के लिए 200 रुपये की मांग की। जब महिला और उसके परिजनों ने पैसे देने से इंकार किया तो नर्स ने गाली-गलौज की और खुद की पहुंच मुख्यमंत्री तक होने की बात कही। इसके बाद डॉक्टर कैलाश से कहकर महिला का डिस्चार्ज पर्चा बनवा दिया गया।

पीड़ित साजन के अनुसार, अस्पताल से निकाले जाने के बाद उन्होंने पत्नी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सुरक्षित प्रसव हुआ। साजन ने बुधवार को मामले की शिकायत सीएचसी अधीक्षक से की है। अधीक्षक डॉ. सुरेश पांडेय ने कहा कि सरकारी अस्पतालों में प्रसव सेवा पूरी तरह निःशुल्क है। इस घटना की जांच की जाएगी। यदि नर्स दोषी मिली तो कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।




खिड़की से धूल साफ करता कर्मचारी और भवन के बीच की गली की सफाई कर जलाया गया कूड़ा। अमृत विचार

### गोसाईगंज सीएचसी में चलाया गया सफाई अभियान

अमृत विचार IMPACT

**अमृत विचार, गोसाईगंज :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज में फैली गंदगी और अव्यवस्थाओं को लेकर प्रकाशित खबर का असर बुधवार को साफ दिखाई दिया। अस्पताल प्रशासन ने आनन-फानन में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलवाया, जिसके तहत परिसर से लेकर वार्ड तक साफ-सफाई कराई गई। अस्पताल के वार्डों की खिड़कियों, बेड और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया गया। बेड पर साफ बेडशीट भी बिछाई गईं, जिससे मरीजों को राहत मिली ।मंगलवार को 'अमृत विचार' द्वारा की गई पड़ताल में अस्पताल परिसर में जगह-जगह गंदगी, वार्डों में बेडशीट का अभाव और बायोमेडिकल वेस्ट के अनुचित निस्तारण जैसी गंभीर खामियां उजागर हुई थीं। मामला सामने आने के बाद सीएचसी प्रशासन हरकत में आया। अधीक्षक सुरेश पांडे ने बताया कि पूरे परिसर में बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया है और व्यवस्थाओं को सुधारा जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि गुरुवार को 'कायाकल्प' टीम निरीक्षण के लिए आएगी, जिसके मद्देनजर अस्पताल की साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं को बेहतर किया जा रहा है।

## बच्चे की रिपोर्ट आई नेगेटिव, परिवारीजनों की भी हुई जांच

**अमृत विचार, माल :** माल क्षेत्र के पीरनगर गांव में एक बच्चे में डेंगू की पुष्टि होने के बाद फैली दहशत बुधवार को जांच रिपोर्ट आने के बाद कम हो गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चे समेत परिवार के अन्य सदस्यों की जांच की, सभी की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई। पीरनगर निवासी अजीत के 2.5 वर्षीय बेटे अविश की 12 मार्च को अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। उसे पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में डेंगू की पुष्टि हुई और प्लेटलेट्स घटकर 33 हजार तक पहुंच गईं। स्थिति गंभीर होने पर बच्चे को प्लेटलेट्स चढ़ाई गईं।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल की ओर से दोबारा डेंगू की जांच नहीं कराई गई, जबकि गांव में अन्य लोग भी बुखार से पीड़ित थे और पहले कोई स्वास्थ्य टीम नहीं पहुंची थी। मामला मीडिया में आने के बाद बुधवार को स्वास्थ्य विभाग सक्रिय हुआ। सीएचसी अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि टीम ने अविश के साथ पिता अजीत, मां सरोजनी, दादी सावित्री, बहन आराध्या और भाई रचित के नमूने लिए। सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। इसके अलावा, जिन ग्रामीणों को बुखार की शिकायत थी, उन्हें दवाएं वितरित की गईं। पूरे गांव में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाने के साथ दवा का छिड़काव किया गया, ताकि संक्रमण के खतरे को रोका जा सके।

# मोबाइल पर ज्यादा बात करने पर मां ने डांटा तो लगा लिया फंदा

संवाददाता, मलिहाबाद/बख्शी का तालाब

- **दो दिन पहले मां ने डांटा तो गांव के बाहर बने आवास में अकेले रहने लगा था**
- **बीकेटी में युवक ने कमरे में फंदा लगाकर की आत्महत्या**

**अमृत विचार:** रहीमाबाद में मोबाइल फोन पर ज्यादा बात करने को लेकर मां की डांट से क्षुब्ध होकर बुधवार को बेटे ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। दोपहर में छोटा भाई गांव के बाहर बने प्रधानमंत्री आवास में गया। वहां बड़े भाई का शव लटका देख चीख पड़ा। वहीं, बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में बुधवार को युवक ने फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

दौलतपुर गांव निवासी अजय गौतम (22) हरियाणा में माली का काम करता था। होली के एक दिन पहले घर आया था। इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया कि अजय मोबाइल पर अधिक बात करता था। मां केतकी ने दो दिन पहले अजय को मोबाइल पर ज्यादा बात करने के लिए डांटा था। जिसके बाद अजय नाराज होकर गांव के बाहर बने प्रधानमंत्री आवास में अकेले रह रहा था। दो दिनों से घर भी नहीं जा रहा था और खाना भी नहीं खा रहा था। होटल से खाना खाकर वह गांव के बाहर बने प्रधानमंत्री आवास में लेट जाता था।

बुधवार करीब 12 बजे दिन में छोटा भाई अजय को बुलाने के लिए पहुंचा। वहां अजय को रस्सी के सहारे फंदे से लटकता देखा। चीख सुनकर आसपास और परिवार के लोग दौड़े। सभी लोग पीएम आवास पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को नीचे उतारकर छानबीन की। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव करीब दो दिन पुराना होने से अकड़ गया है। मोबाइल को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है। परिवार ने मां केतकी, पिता वीरेंद्र, भाई विजय और विमल हैं।

वहीं, बीकेटी के कठवारा ग्राम पंचायत के मजरा बीच का खेड़ा निवासी रामसागर (35) मजदूरी करता था। पत्नी रेखा ने बताया कि बुधवार को जब वह कमरे में गई तो रामसागर साड़ी के सहारे लटके मिले। शोर सुनकर आसपास और परिवार के लोग आ गए। बीकेटी पुलिस ने फॉरेंसिक टीम की मदद से छानबीन की। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

## करंट लगने से संविदा कर्मचारी घायल

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा स्थित बिजली उपकेंद्र पर बुधवार को काम करते समय संविदा कर्मचारी फहीम घायल हो गया। निविदा संविदा कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि शाम करीब 4:30 बजे के फहीम एलटी केबल में फाल्ट ठीक कर रहा था। उसने ट्रांसफार्मर की पेटी से फ्यूज निकाल दिया था, इसके बावजूद करंट की चपेट में आ गए। नीचे गिरने से उसकी कमर और आंख के ऊपर चोट आई। साथी कर्मियों ने उसे रोड स्थित बाला निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया।

# किशोरी को अगवा कर असलहे के बल पर सामूहिक दुष्कर्म

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- **मां ने महिगवां थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, दोनों आरोपी पकड़े गए**

**अमृत विचार:** महिगवां थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात दो युवकों ने किशोरी को अगवा कर असलहे के बल पर सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर कर पीटा और भाग निकले। मां की तहरीर पर पुलिस ने गैंगरेप समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दोनों आरोपियों को दबोच लिया है। किशोरी को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

महिला ने तहरीर में बताया कि नाबालिग बेटी मंगलवार रात करीब 12 बजे घर से बाहर भैंस को बांधने जा रही थी। गांव के बृजेश कुमार व लवकुश ने उसे पकड़ लिया और मुंह दबा कर सुनसान जगह पर ले गए। वहां असलहा लगाकर किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर बेल्ट व लात-घूंसों से पीट और जातिसूचक गालियां देकर भाग निकले। उधर, परिजन किशोरी की तलाश करते रहे।



बुधवार सुबह करीब 6 बजे किशोरी बदहवास हालत में घर पहुंची। बेटी ही हालत देख मां ने बात की तो उसने आपबीती बतायी। इसके बाद घरवाले बेटी को लेकर महिगवां थाने पहुंचे। पुलिस ने पिता की तहरीर पर बृजेश यादव व लवकुश के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म, धमकी, मारपीट, एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मां के साथ जा रही किशोरी को अगवा करने का प्रयास

**अमृत विचार, माल :** थाना क्षेत्र में खेत से मां संग लौट रही किशोरी को दो भाइयों समेत चार युवकों ने कार से अगवा करने का प्रयास किया। असफल होने पर मां पर रॉड से हमला कर चेन व मोबाइल लूटकर आरोपी भाग निकले। पीड़िता ने 12 दिन बाद चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। सालेहनगर निवासी मंजू ने बताया कि 6 मार्च को बेटी शिवानी के साथ खेत से कृषि कार्य निपटाकर घर जा रही थी। रास्ते में गांव के ही सरवन, धर्मेश, शनि और उसके भाई रवि प्रकाश ने कार रोकी। उनकी बेटी शिवानी को खींचकर अगवा करने लगे। मंजू बेटी को बचाने के लिए आरोपियों से भिड़ने लगी तो उसके सिर पर रॉड से वार कर दिया। हमले में वह बुरी तरह घायल हो गयी। पीड़िता के शोर मचाने पर ग्रामीण मदद के लिए दौड़े। इसपर बदमाश उसका मोबाइल व चेन छीनकर शिवानी को धक्का देकर भाग निकला। पीड़िता ने बताया कि तीसरी बार आरोपियों ने बेटी को अगवा करने का प्रयास किया है। मंजू की तहरीर पर पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर माल नवाब अहमद ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## रहीमाबाद में एक मरीज में हेपेटाइटिस-बी की पुष्टि

**अमृत विचार, लखनऊ:** रहीमाबाद के गांव में हेपेटाइटिस-बी संक्रमण के मामले लगातार उलझते जा रहे हैं। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग ने चार ग्रामीणों के सैंपल लेकर केजीएमयू में जांच के लिए भेजे थे। बुधवार को आई जांच रिपोर्ट में केवल एक मरीज की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई, जबकि बाकी तीनों की रिपोर्ट निगेटिव आई। यह रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय को भेज दी गई है। हाल ही में जिन चार लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, उनके दोबारा सैंपल लेकर माइक्रोबायोलॉजी विभाग में जांच कराई गई, जिसमें केवल एक सैंपल में संक्रमण की पुष्टि हुई।

अराजकता

निजी मेडिकल स्टोर के दलालों का प्रवेश रोकने में केजीएमयू प्रशासन नाकाम

# जमानत पर छूटते ही लारी कॉर्डियोलॉजी में सक्रिय हो गए दलाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कॉर्डियोलॉजी में निजी मेडिकल स्टोरों के दलालों को रोकने में केजीएमयू प्रशासन नाकाम है। दलाली, अभद्रता और मारपीट के आरोप में सोमवार को गिरफ्तार हुए चारों दलाल जमानत पर छुटते ही बुधवार को दोबारा से लारी में दलाली करते दिखे। खास बात यह कि सभी दलाल सुरक्षा गार्ड के पास ही झुंड लगाकर खड़े थे और तीमारदारों को अपनी जाल में फंसा रहे थे। मामले का वीडियो भी अमृत विचार के पास मौजूद है।

लारी कॉर्डियोलॉजी में रोजाना 350 मरीज ओपीडी में देखे जाते हैं। इसके आलावा पुराने मरीज भी दवा लेने के लिए यहां के एचआरएफ काउंटर पर आते हैं। एचआरएफ से मरीजों को 50 से 70 फीसदी तक दवाएं छूट पर मिल जाती हैं। काउंटर पर मरीजों को लंबी कतार का सामना करना पड़ता है। दवा लेने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगता है। साथ ही पर्चे पर लिखी सारी दवाएं भी एचआरएफ से नहीं मिल पाती हैं। इसका फायदा निजी मेडिकल स्टोर के दलाल उठाते हैं। वह मरीजों-तीमारदारों को एचआरएफ के रेट पर ही दवाएं मुहैया कराने का झांसा देकर जाल में फंस लेते हैं। इनकार करने पर अभद्रता और मारपीट पर भी आमादा हो जाते हैं।

सोमवार को तीमारदार से विवाद कर रहे चार दलालों को मौके से वजीरगंज पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इस दौरान दरोगा से भी अभद्रता की थी। पकड़े गए आरोपितों की पहचान शाहगंज नक्कास निवासी मुस्तकीम खान, मोहनीपुरवा दौलतगंज हुसैनाबा निवासी मो. अफजल, शहजान निवासी पानी की टंकी, हुसैनाबाद और साकिब निवासी गेंदखाना पानी की टंकी, हुसैनाबाद के रूप में हुई। मंगलवार को सभी की जमानत हो गई। बेखौफ चारों आरोपित बुधवार को भी अपने अन्य साथियों के साथ लारी कॉर्डियोलॉजी में पहले की तरह ही दलाली करते दिखे।

- **सुरक्षा गार्ड भी रोकने की नहीं उठाते जहमत, मिलीभगत की आशंका**

संस्थान की तरफ से समय-समय पर निरीक्षण किया जाता है। साथ ही दलालों से सावधान के लिए परिसर में नोटिस भी चस्पा कराई गई है। सुरक्षा गार्डों को भी सतर्क किया गया है। इस मामले में जांच कराई जाएगी। यदि सुरक्ष गार्ड की भूमिका पाई गई तो कार्रवाई होगी।

**-डॉ. केके सिंह,** प्रवक्ता केजीएमयू





तीमारदार के हाथ में पर्चा देखकर उससे बात करने की कोशिश करता दलाल और परिसर में मौजूद दो अन्य दलाल।

### ऐसे जाल में फंसाते

बुधवार, समय 2 :25 बजे

- **दलाल :** दवा नहीं मिली क्या
  **तीमारदार :** पर्चा दिखाते हुए दो दवाएं नहीं मिली।
- **दलाल :** हम छूट पर दिला देंगे।
  **तीमारदार :** कितनी छूट मिलेगी।
- **दलाल :** 20 प्रतिशत
  तीमारदार : इतनी छूट तो कोई भी देगा।
- **दलाल :** अच्छा कितने दिनों की लेंगे।
  **तीमारदार :** एक माह की।
- **दलाल :** ठीक है 30 प्रतिशत की छूट दे देंगे।
  **तीमारदार :** ठीक है बताते हैं, अपना नंबर दे दीजिये।
- **दलाल :** विजिटिंग कार्ड देते हुए मेरा नाम अभिषेक है दवा यहीं पर मंगवा देंगे।
  **तीमारदार** के पास पर्चा देखते ही दलालों के झुंड ने घेर लिया।

# फर्नीचर दुकान का तोड़ा शटर नकदी व डीवीआर ले गए चोर

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- **तोड़ दिए सभी सीसीटीवी कैमरे सैरपुर के छठा मील की घटना**

**अमृत विचार:** सैरपुर थाना क्षेत्र के छठा मील चौराहे के पास मंगलवार देर रात चोरों ने एक फर्नीचर की दुकान का ताला तोड़कर करीब डेढ़ लाख रुपये और सीसीटीवी का डीवीआर उठा ले गए। बुधवार को पुलिस ने छानबीन कर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ सैरपुर मनोज कोरी ने बताया कि मामले की जांच कर रही है।

रहीमनगर डुडौली निवासी मनोज गुप्ता की छठा मील चौराहे के पास सौरभ फर्नीचर की दुकान है। पीड़ित मनोज ने बताया कि वह मंगलवार रात करीब 8:30 बजे दुकान बंदकर घर चले गए थे। बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे दुकान आए तो शटर टूटा मिला। वे दुकान के अंदर गए तो सामान बिखरा व कैश काउंटर से डेढ़ लाख रुपये गायब थे। पीड़ित ने दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो उसका डीवीआर गायब था।

कैमरा टूटा हुआ जमीन में पड़ा हुआ था। दुकान के नीचे बने गोदाम के दोनों दरवाजे भी टूटे पड़े थे। पीड़ित ने डॉयल-112 पर चोरी की सूचना दी। जानकारी मिलते ही सैरपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि चोरों ने वारदात करने से पहले दुकान में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए। उसका डीवीआर भी अपने साथ ले गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### विकास कार्यों का बजट लैप्स न हो : केशव मौर्य

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि विकास कार्यों के लिए आवंटित बजट किसी भी स्थिति में लैप्स नहीं होना चाहिए और उसका समयबद्ध व पारदर्शी उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उप मुख्यमंत्री कालिदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, खाद्य प्रसंस्करण एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभागों की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर अधिकारियों को शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए गए।

### कृषि मंत्री को सौंपा ज्ञापन, मिला आश्वासन

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारतीय किसान यूनियन (चौधरी चरण सिंह) के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को किसानों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। इस दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि संगठन की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए उचित कदम उठाएंगे। किसान संगठन की ओर से प्रस्तुत ज्ञापन में मुख्य रूप से आलू पर एमएसपी लागू करने, राष्ट्रीय किसान आयोग के गठन और भारत-अमेरिका ट्रेड डील को खारिज करने जैसी मांगें शामिल थीं।

### कैप्टिव अमेंडमेंट वापस लेने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार द्वारा कैप्टिव इलेक्ट्रिसिटी पावर अमेंडमेंट रूल्स लागू होने से प्रदेश की बिजली वितरण कंपनियों के लिए वित्तीय जोखिम बढ़ जाएंगे, वहीं करोड़ों किसानों और गरीब उपभोक्ताओं को मिलने वाली सब्सिडी पर भी कैंची चलेगी। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने केंद्र सरकार से इस अमेडमेंट को वापस लेने की मांग की है। केंद्र सरकार ने 13 मार्च को कैप्टिव पावर इलेक्ट्रिसिटी संशोधन (अमेंडमेंट) रूल्स- 2026 को मंजूरी दी है। आल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन ने इस संसोधित अधिनियम का कड़ा विरोध किया है। फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि इस अमेंडमेंट से देश की बिजली वितरण कंपनियों की वित्तीय स्थिति पर खासा प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

### आर्थिक सहायता पर उठाए सवाल

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए 555 श्रद्धालुओं को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता पर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस मंसूरी ने सवालिया निशान लगाया है। उन्होंने कहा कि हज सब्सिडी समाप्त करने वाली सरकार यूपी के लोगों को एक नजर से नहीं देख रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य में धार्मिक आधार पर सुविधाओं के वितरण को लेकर असंतुलन दिखाई दे रहा है। यह स्थिति सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल खड़े करती है।

### तीन बैंड दुकानों में सेंध लगाकर चोरी

**अमृत विचार, गोसाईंगंज :** थाना क्षेत्र के कबीरपुर गांव में चोरों ने देर रात तीन बैंड दुकानों में सेंध लगाकर कीमती एम्पलीफायर मशीनें और साउंड सिस्टम चोरी कर लिया। पीड़ित जमील ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से शमा बैंड के नाम से शादी-विवाह और अन्य कार्यक्रमों में बैंड बजाने का काम कर रहे हैं। कबीरपुर गांव में उन्होंने अपनी दुकान और ऑफिस बना रखा है। इसी तरह रहीम की साहिल बैंड और हुकुमचंद की सोनी बैंड की दुकानें भी वहीं हैं।

## मांझे से युवक का गला व चेहरा कटा, पत्नी का टूटा पैर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बेटी भी घायल, किताबें खरीदकर लौट रहे थे पति-पत्नी
- अलीगंज स्थित पुरनिया फ्लाईओवर पर हुई घटना

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट के आदेश के बाद भी शहर में खतरनाक मांझे की बिक्री और प्रयोग पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। बुधवार शाम पुरनिया फ्लाईओवर पर खतरनाक मांझे की रगड़ से बाइक सवार नवमी लाल उर्फ राम नयन कला का गला और चेहरा कट गया। ब्रेक मारने पर बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे पत्नी का पैर टूट गया और बेटी भी घायल हो गई। राहगीरों की मदद से तीनों को ई-रिक्शा से अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मड़ियांव के केशवनगर निवासी नवमी लाल उर्फ राम नयन प्राइवेट काम करते हैं। बुधवार शाम वह पत्नी संग बेटी की किताबे खरीदने गए थे। तीनों किताबें खरीदकर बाइक से घर लौट रहे थे। इस बीच पुरनिया फ्लाईओवर पर अचानक मांझा उनकी गर्दन में उलझ गया। जब तक वह संभलते तेज धार के खिंचाव से गले और चेहरे में कट लग गया। गले से खून निकलने लगा। ब्रेक मारने पर बाइक अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा कर पलट गई। हादसे में राम नयन, उनकी पत्नी और बेटी भी घायल हो गई।

सड़क पर गिरने से राम नयन के घुटने छिल गए और पत्नी का पैर टूट गया। सड़क पर पड़े तीनों लोग दर्द से कराहने लगे। चीख पुकार सुनकर दौड़े राहगीर अब्दुला व अन्य ने तीनों को उठाया। खून की धार देख रामनयन के गले में गमछा बांधा। दुपट्टे से घुटने बांधे। एक राहगीर ने रिक्शे को रोकने के साथ ही डॉयल-112 पर सूचना दी। घायलों को ई-रिक्शे पर बैठाया। इस बीच अलीगंज पुलिस भी आ गई। राहगीर राम नयन उनकी पत्नी और बेटी को अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में राम नयन और उनकी पत्नी की हालत नाजुक बताई जा रही है।



घायलों को ई-रिक्शे से अस्पताल ले जाते राहगीर। अमृत विचार

### मदद के बजाय बनाने लगे वीडियो

हादसे के बाद सड़क पर गिरे परिवार को अब्दुल्ला व कई अन्य राहगीरों ने उठाया। उन्हें गोद में उठाकर ई-रिक्शा पर बैठाया। कुछ तमाशबीन मदद करने के बजाए वीडियो बनाने लगे। हादसे के कारण पुरनिया पुल पर जाम लग गया था। राहगीरों ने पुलिस को मांझा भी दिखाया। इंस्पेक्टर ने बताया कि मांझा बांधकर पतंग उड़ाने वाले के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है।

इंस्पेक्टर अलीगंज अशोक सोनकर ने बताया कि अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## ग्रीन कॉरिडोर की जांच में जर्जर मिली पाइप लाइन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सड़क धंसने की अपर सचिव ने की जांच, उपाध्यक्ष को दी रिपोर्ट

**अमृत विचार :** ग्रीन कॉरिडोर के पास लीकेज सीवर लाइन से सड़क धंसने की जांच में पाइप लाइन जर्जर मिली। जो 15 साल पहले जल निगम ने डाली थी। पुरानी पाइप लाइन की जानकारी लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) को नहीं दी गई और उसके ऊपर ग्रीन कॉरिडोर की सड़क बिछा दी गई। ऐसा एलडीए द्वारा की गई जांच में सामने आया है। कमेटी ने रिपोर्ट उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को सौंप दी है। गुरुवार से कॉरिडोर का निर्माण शुरू हो जाएगा।

एलडीए ने ग्रीन कॉरिडोर के फेज-2 में डालीगंज से निशातगंज होते हुए समतामूलक चौक तक करीब सात किमी का नया लेन तैयार किया था। इसका उद्घाटन 13 मार्च को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। ठीक दो दिन बाद रविवार को बीरबल साहनी मार्ग पर सिंचाई विभाग के बंधे की लीकेज सीवर लाइन से सड़क धंस गई। विभागों के बीच आरोप-प्रत्यारोप भी लगे। इस मामले को उपाध्यक्ष ने गंभीरता से लिया और अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी बनाकर मंगलवार को जांच कराई।

## पर्व-त्योहार परंपरा के दायरे में मनाएं उपद्रव बर्दाश्त नहीं : मुख्यमंत्री योगी

**सख्त संदेश :** बैठक में अधिकारियों को जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने की दी सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ पर कड़ी चेतावनी देते हुए साफ कहा है कि पर्व-त्योहारों के दौरान सार्वजनिक उद्दंडता और माहौल बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को स्वीकार नहीं किया जाएगा, ऐसी हर घटना के दोषियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस के साथ कठोरतम कार्रवाई की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर हाल में शांति, सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित की जाए, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। साथ ही, धार्मिक आयोजनों में परंपरागत स्वरूप का ही पालन कराया जाए और किसी भी नई परंपरा की अनुमति न दी जाए।

बुधवार देर शाम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने गुरुवार से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्र, 20 मार्च को अलविदा की नमाज और 21 मार्च को ईद-उल-फितर के मद्देनज़र व्यापक तैयारियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी मंडलायुक्तों, जिलाधिकारियों और पुलिस कप्तानों को निर्देशित किया कि संवेदनशीलता और समन्वय के साथ कार्य करते हुए शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चैत्र नवरात्र के दौरान देवी मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए सुरक्षा, स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन, पेयजल, प्रकाश और स्वास्थ्य सेवाओं की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। प्रमुख मंदिरों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए।

बदायूं, मुरादाबाद, रामपुर, गाजियाबाद, जालौन, गोरखपुर, आगरा, जौनपुर, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में हाल में हुई आपराधिक घटनाओं का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई का ब्यौरा लिया। उन्होंने दो टूक कहा कि अपराध की एक भी घटना पूरे समाज का माहौल बिगाड़ती है, इसलिए हर शिकायत और हर घटना को गंभीरता से लिया जाए। दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



कानून व्यवस्था को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

## सड़क पर गाय से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत

संवाददाता, सरोजनीनगर

- बनी-मोहनलालगंज रोड पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** बंथरा थाना क्षेत्र में बुधवार देर शाम एक बाइक सवार सड़क पर घूम रही गाय से टकरा गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

उन्नाव के दरेहटा निवासी राजेश सिंह चौहान उर्फ ठेगी (40) बंथरा के कटी बगिया स्थित एक धर्म कांटा पर नौकरी करता था। परिजन ने बताया कि राजेश करीब सात बजे बाइक से बनी-मोहनलालगंज रोड होते हुए अपनी ड्यूटी पर जा रहे थे। तभी बंथरा स्थित खसरवारा गांव के पास उनकी बाइक अचानक सड़क पर खड़ी एक गाय से टकरा गई। टक्कर इतनी जोर की थी कि राजेश उछलकर काफी दूर जा गिरे। हादसा देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। पुलिस ने गंभीर हालत में राजेश को लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार में पत्नी गुड्डी, दो बेटे सत्यम, शुभम और एक बेटी पारुल हैं।

### हादसे में बाइक सवार का कटा हाथ

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार शाम बाइक व डीसीएम की आमने-सामने भिड़ंत हो गयी। हादसे में बाइक पर सवार दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक का दाहिना हाथ कट कर अलग हो गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में पीजीआई स्थित ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। उधर घटना के बाद डीसीएम चालक अपनी गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। मोहनलालगंज के परसपुर ठट्ठा, कुसमौरा निवासी अर्जुन कुमार (34) और उसके गांव का ही साथी कुलदीप (37) बुधवार शाम करीब 6 :30 बजे बिजनौर की तरफ से बिजनौर - मोहनलालगंज रोड होते हुए बाइक से अपने घर जा रहे थे।तभी गढ़ी मोड़ के पास परवर पश्चिम की तरफ से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने उनकी बाइक में सामने से जोरदार ठोकर मार दी और डीसीएम चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। इस हादसे में बाइक चला रहा अर्जुन और बाइक पर पीछे बैठा उसका साथी कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में अर्जुन का दाहिना हाथ कट कर अलग हो गया। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन दोनों को पीजीआई स्थित एपेक्स ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## कोर्ट के आदेश पर प्रेमिका समेत तीन पर हत्या का केस दर्ज

संवाददाता, मलिहाबाद

**अमृत विचार:** रहीमाबाद के महिमाखेड़ा गांव में संदिग्ध हालत में पेड़ से लटके मिले ट्रैक्टर चालक अशोक कुमार (25) की मौत के मामले में रहीमाबाद पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पिता ने अपनी तहरीर में बेटे की प्रेमिता, उसके पिता व भाई पर आरोप लगाया है।

3 सितंबर 2025 को रहीमाबाद के महिमाखेड़ा गांव के निकट हरदोई के ढीकुन्नी गांव निवासी ट्रैक्टर चालक अशोक कुमार का शव लटका मिला था। पिता प्रभु बेटे ने हत्या की आशंका जतायी थी। बताया था कि बेटा अशोक नोएडा में ट्रैक्टर चालक था। 1 सितंबर को अशोक नोएडा से घर वापस लौटा था। 2 सितंबर रहीमाबाद के महिमा खेड़ा मजरा मुड़ियारा जाने की बात कहकर घर निकला था। प्रेमिका संतोषी ने अशोक को ढोल बजा गांव में मेला देखने के लिए बुलाया था। देर रात संतोषी ने अशोक को अपने घर ले गई। पहले से घात लगाए बैठे भाई लालजीत और पिता राजेंद्र कुमार ने घर में अशोक की गला दबाकर हत्या कर दी। आत्महत्या का रूप देने के लिए गांव बाहर सौ मीटर दूरी पर आम के पेड़ की डाल से रस्सी के सहारे लटका दिया था। थाने में सुनवायी न होने पर पीड़ित ने कोर्ट में अर्जी दी थी। इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आया था। रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## टीईटी अभ्यर्थियों को मिलेगी राहत, भुगतान प्रक्रिया होगी आसान

**अमृत विचार, लखनऊ :** अभ्यर्थियों को डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग और आईसीआईसीआई बैंक के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते के तहत बैंक का 'ईजीपे क्लासिक' गेटवे टीईटी-2026 आवेदन प्रक्रिया में एकीकृत किया गया है, जिससे अभ्यर्थी अब सुरक्षित और तेज तरीके से शुल्क जमा कर सकेंगे। प्रयागराज के एलनगंज स्थित आयोग कार्यालय में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार और बैंक के आंचलिक प्रमुख समित विजय के बीच समझौता ज्ञापन का औपचारिक आदान-प्रदान भी हुआ। अध्यक्ष डॉ. प्रशान्त कुमार ने कहा कि इस पहल से आवेदन प्रक्रिया सरल होने के साथ डिजिटल लेनदेन को भी बढ़ावा मिलेगा। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए बैंक की ओर से एक समर्पित समन्वय प्रबंधक नियुक्त किया गया है, जो आयोग के साथ तालमेल बनाकर सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा भुगतान संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन सहायता केंद्र भी स्थापित किया गया है।

## मॉड गैलेक्सी के नौ रो-हाउस ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गुडम्बा में 19 रो-हाउस व ठाकुरगंज में तीन व्यावसायिक निर्माण सील

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने बुधवार को बिजनौर स्थित अवैध मॉड गैलेक्सी सिटी के नौ रो-हाउस भवन ध्वस्त किर दिए। इसके अलावा गुडम्बा में 19 रो-हाउस व ठाकुरगंज में तीन व्यावसायिक निर्माण सील किए।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी रवि नंदन सिंह ने बताया कि बिजनौर थाना क्षेत्र के औरंगाबाद खालसा में बिल्डर मोहम्मद इमरान द्वारा अवैध रूप से मॉड गैलेक्सी सिटी विकसित करते हुए रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत न कराने पर 9,500 वर्गफीट में निर्मित नौ रो-हाउस टीम ने पुलिस बल के साथ बुलडोजर से ध्वस्त कर दिए।



बिजनौर स्थित अवैध मॉड गैलेक्सी सिटी के भवन पर चलता बुजडोजर।

प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी माधवेश कुमार ने बताया कि ठाकुरगंज में जल निगम रोड पर अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। सैय्यद सिबते मोहम्मद द्वारा 150 वर्गमीटर, चन्द्र प्रकाश अवस्थी द्वारा 200 वर्गमीटर और जगदेव सिंह द्वारा लगभग 250 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंडों पर अवैध रूप से व्यावसायिक भवनों का निर्माण कराने पर सील कर दिए।

प्रवर्तन जोन-5 की जोनल अधिकारी वंदना पांडेय ने बताया कि सिद्धार्थ, एएम अंसारी, मोहम्मद जोएब व अन्य द्वारा गुड़म्बा में कंचना बिहारी मार्ग पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्रफल में 10 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह जितेन्द्र जुमनानी द्वारा लगभग 400 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर चार रो-हाउस और बिल्डर अलताब द्वारा 300 वर्गमीटर में 5 रो-हाउस भवनों का निर्माण कराया जा रहा था। एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से निर्मित किये जा रहे इन 19 रो-हाउस भवनों को सील कर दिया।



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से बुधवार को जन भवन में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने 9 फरवरी को राज्यपाल द्वारा राज्य विधान मंडल के दोनों सदनों में दिए गये अभिभाषण पर विधान सभा में पारित धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति भेंट की।

## हिंदू नव वर्ष पर कुसंगति का त्याग करें : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि गुरुवार से शुरू हो रहे हिन्दू नव वर्ष के मौके पर लोग कुसंगति एवं दुष्प्रवृत्तियों का त्याग करने का लें संकल्प लें। ग्रह-नक्षत्रों की गणना के आधार पर ही हमारे त्योहार निर्धारित होते हैं। देश के विभिन्न राज्यों में हिंदू नव वर्ष अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाया जाता है, किंतु इसके मूल में वैज्ञानिक दृष्टिकोण निहित है।

राज्यपाल बुधवार को जन भवन में हिन्दू नव वर्ष की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में हिंदू नव वर्ष के वैज्ञानिक आधार जैसे विक्रम संवत एवं पंचांग की गणना के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी दिए जाने पर बल दिया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि जिसे हम वर्ष 2026 के रूप में जानते हैं, हिंदू नव वर्ष के अनुसार वह वर्ष 2083 का प्रारंभ है। हमारे जीवन में सहकार, सेवा की भावना तथा धर्म की जय, अधर्म का विनाश जैसे आदर्श सदैव मार्गदर्शक रहे हैं। इस दौरान एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान जन भवन कार्मिकों के बच्चों ने देश के विभिन्न राज्यों की पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए।

## कमजोर वर्ग के बच्चों की शिक्षा को चलाई मुहिम

**अमृत विचार, लखनऊ:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के नेतृत्व में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को शिक्षित करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत गरीब बच्चों को चिन्हित कर जन भवन स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में दाखिला कराया जाएगा। राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी डॉ. सुधीर महादेव बोबडे के निर्देशन में जन भवन में कार्यरत अधिकारियों ने बुधवार को महात्मा गांधी विक्रमादित्य वार्ड-17 स्थित चिल्ड्रेन पैलेस स्कूल में नामांकन प्रोत्साहन शिविर लगाया। इस दौरान रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों से संवाद किया गया, वहीं झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों से बात करके उनके बच्चों का जन भवन स्थित आदर्श माध्यमिक विद्यालय में नामांकन कराने हेतु प्रेरित किया गया। शिविर के दौरान डॉक्यूमेंट्री प्रस्तुति के माध्यम से विद्यालय में उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं, नवाचारों एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था की विस्तृत जानकारी अभिभावकों एवं छात्रों को दी गई।

**कार्रवाई** पावर कारपोशन ने की छापेमारी, 18 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## दो लाख प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं ने चालू नहीं कराए कनेक्शन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश भर के 2.1 लाख उपभोक्ताओं ने मीटर रिचार्ज नहीं कराकर अपना कनेक्शन चालू नहीं कराए हैं। पावर कारपोरेशन ने प्रदेश भर के ऐसे उपभोक्ताओं के यहां छापेमारी करने के आदेश दिए हैं। इसके तहत बुधवार को 1211 उपभोक्ताओं के यहां पर छापे मारे गए, जिनमें से 18 के घरों में चोरी से बिजली सप्लाई पाई गई। इनके खिलाफ मुकदमा कायम करा दिया गया है।



प्रदेश पावर कारपोरेशन के प्रवक्ता ने बताया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर के निगेटिव बैलेंस के कारण कनेक्शन कटने के बाद बगैर रिचार्ज कराए अवैध रूप से बिजली का उपभोग करना दंडनीय अपराध है। बकाये पर कटे कनेक्शन का भुगतान प्राप्त होने पर दो घंटे के भीतर जोड़े जाने का प्रावधान है। उपभोक्ता द्वारा रिचार्ज कराते ही रीकनेक्शन कमांड जारी हो जाती है। चूंकि कमांड कई सारे सिस्टम से गुजरती है, इसलिए इसमें दो घंटे तक का समय लग सकता है। हालांकि 90 प्रतिशत से अधिक केस में भुगतान प्राप्त होने के कुछ मिनटों में ही कनेक्शन जुड़ जाते हैं।

### बैलेंस खत्म होने के बाद तीन दिन चलता कनेक्शन

प्रवक्ता के मुताबिक कनेक्शन एकाएक नहीं कटता। प्रीपेड स्मार्ट मीटर उपभोक्ता को माह के आरम्भ में एवं उसके द्वारा रिचार्ज की गई धनराशि का क्रमश: 30 प्रतिशत, 10 प्रतिशत और शून्य होने पर प्रत्येक बार एसएमएस के माध्यम से सूचित किया जाता है। बैलेंस समाप्त होने के उपरांत भी तीन दिन का समय दिया जाता है। उसके बाद भी यदि रिचार्ज नहीं होता तो स्वत: ही कनेक्शन कट जाता है।

### स्मार्ट प्रीपेड मीटरों की गड़बड़ी से हाहाकार भुगतान के बाद भी नहीं जुड़ रही बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। नेगेटिव बैलेंस होने पर प्रदेशभर में प्रतिदिन लगभग एक से डेढ़ लाख उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे जा रहे हैं। सबसे गंभीर स्थिति तब सामने आ रही है, जब बकाया राशि जमा करने के बाद भी समय से उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की जा रही है। भीषण गर्मी के बीच बिजली न मिलने से उपभोक्ताओं में भारी आक्रोश है। उपभोक्ता परिषद को लगातार शिकायतें मिल रही हैं। इस पूरे मामले की जांच में उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने चौंकाने वाले तथ्य उजागर किए हैं। उनके अनुसार, प्रदेश की बिजली कंपनियों में तकनीकी समन्वय की भारी कमी है। वर्तमान में दो अलग-अलग पेमेंट गेटवे, करीब 10 एमआईएसपी के अलग-अलग एमडीएम सिस्टम और आरएमएस सिस्टम संचालित हो रहे हैं, जिनके बीच तालमेल का अभाव है। इसी असमन्वय के कारण भुगतान का डेटा समय पर अपडेट नहीं हो पा रहा, जिससे ऑटोमेटिक सिस्टम बिजली आपूर्ति बहाल नहीं कर पा रहा।

## भाजपा झूठ और अफवाहों को मानती अपनी ताकत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने दावा किया है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता सपा की सरकार बनाने जा रही है। उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा झूठ और अफवाहों को अपनी ताकत मानती है, जबकि समाजवादी सच के साथ खड़े हैं। भाजपा को राजनीतिक पार्टी नहीं, बल्कि गैंग बताते हुए आरोप लगाया कि सपा को बदनाम करने के लिए साजिशें रची जा रही हैं।



सपा प्रमुख बुधवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित 'डिजिटल डेमोक्रेसी डायलॉग' कार्यक्रम में सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर्स को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लोकतंत्र पर खतरा है और इसे मजबूत बनाने के लिए संवाद, सामाजिक समरसता और सद्भाव जरूरी है। अखिलेश यादव ने कहा कि देश के नागरिकों का जीवन संकट में है और सकारात्मक राजनीति ही समाधान दे सकती है।

# धार्मिक प्रार्थना का मौलिक अधिकार, उकसाने वाले कृत्यों को कानूनी संरक्षण नहीं

विधि संवाददाता,प्रयागराज



● इलाहाबाद हाईकोर्ट ने की संभल जिला प्रशासन के निर्णय की कड़ी आलोचना

**अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रमजान के दौरान संभल जिले की एक मस्जिद में नमाज अदा करने वालों की संख्या सीमित करने के प्रशासनिक आदेश की कड़ी निंदा की है। कोर्ट ने कहा कि किसी भी निजी परिसर में होने वाली प्रार्थना/नमाज़ पर संख्या या अन्य आधार पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता, बशर्ते वह सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता और स्वास्थ्य के विपरीत न हो। कोर्ट ने राज्य को निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए उपासकों को सुरक्षा प्रदान की जाए।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अतुल श्रीधरन एवं न्यायमूर्ति सिद्धार्थ नंदन की खंडपीठ ने मुनजीर खान की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। कोर्ट के आदेश के अनुपालन में याची ने पूरक हलफनामा दाखिल कर बताया कि संबंधित भूमि वर्ष 1995 में उसके दादा छिद्दा खान द्वारा मस्जिद निर्माण के उद्देश्य से वक्फ को समर्पित की गई थी। कोर्ट ने राज्य सरकार की दलील यह कहते हुए खारिज कर दिया कि 27 फरवरी का आदेश खुले न्यायालय में दोनों पक्षों की उपस्थिति में पारित हुआ था और उस समय राज्य ने किसी तथ्यात्मक त्रुटि पर आपत्ति नहीं उठाई। कोर्ट ने दोहराया कि वह पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि उपासकों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता और 'कानून-व्यवस्था' का तर्क इस मामले में स्वीकार्य नहीं होगा। पूरक हलफनामे के साथ प्रस्तुत तस्वीरों के आधार पर कोर्ट ने कहा कि वर्तमान में मौजूद संरचना मस्जिद नहीं है, बल्कि एक भवन है, जहां पूर्व में नमाज़ अदा की जाती रही है। अतः वहां प्रार्थना में किसी प्रकार की बाधा नहीं डाली जानी चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### भंडारा और पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ का समापन

**देवरिया, अमृत विचार :** जनपद के देसही देसाई विकासखंड के ग्राम शाहजहांपुर बलुवही में चल रहे नौ दिवसीय रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति वैदिक मंत्रोचार के बीच हुई। बाबा बालक दास जी महराज के साथ यज्ञ समिति व ग्रामीणों ने हवन किया। यज्ञाचार्य पं. मुकेश द्विवेदी ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। यज्ञ मानव जीवन को स्वास्थ्य एवं खुशहाली प्रदान करता है। महथं बाबा बालक दास ने कहा कि प्राचीन काल से ही यज्ञ करने की परंपरा है।भारतीय संस्कृति यज्ञमय संस्कृति है। उन्होंने क्षेत्र की खुशहाली सुख शांति और समृद्धि की कामना की।कथा ब्यास वंदना तिवारी एवं जय सिंह व्यास ने कथा का विश्राम करते हुए उद्धव द्वारा गोपियों को आध्यात्म का ज्ञान देने एवं गोपियों द्वारा प्रेम की शिक्षा पाने के साथ कृष्ण के वृंदावन से मथुरा वापस जाने का प्रसंग बड़े ही मार्मिक ढंग से सुनाया। जनकपुर से आई रामलीला मंडली के कलाकारों ने रामलीला का मंचन कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

### आवेदन तिथि के बाद प्राप्त निर्धारित योग्यता मान्य नहीं

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेडिकल ऑफिसर (आयुर्वेद) एवं कम्युनिटी हेल्थ पदों पर भर्ती से संबंधित मामले में स्पष्ट किया कि निर्धारित कट-ऑफ तिथि तक अनिवार्य योग्यता पूर्ण न करने वाले अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया में शामिल होने का अधिकार नहीं है। भर्ती प्रक्रिया में कट-ऑफ तिथि पर योग्यता की अनिवार्यता एक कठोर सिद्धांत है और इसमें किसी प्रकार की ढील नहीं दी जा सकती, भले ही परिस्थितियां असाधारण क्यों न हों। उक्त आदेश में न्यायमूर्ति विकास बुधवार की एकलपीठ ने डॉ. सुधांशु वशिष्ठ सहित सात अभ्यर्थियों की याचिका खारिज करते हुए दिया। मामले के सभी तथ्यों पर समग्र रूप से विचार करते हुए कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि इंटर्नशिप डिग्री का अभिन्न हिस्सा है और उसके बिना संबद्ध डिग्री पूर्ण नहीं मानी जा सकती है। योग्यता का आकलन आवेदन की अंतिम तिथि के आधार पर ही होगा, न कि भविष्य में पूर्ण होने वाली योग्यता के आधार पर। प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन को पूर्ण योग्यता का विकल्प नहीं माना जा सकता।

### दंपति की संपत्ति से जुड़े विवाद केवल फैमली कोर्ट में विचारणीय

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति-पत्नी के बीच संपत्ति अधिकार से जुड़े विवाद को अधिकारिक के अभाव में निरस्त करते हुए स्पष्ट किया कि विवाहित दंपति के बीच संपत्ति अधिकार से जुड़े मामलों की सुनवाई का अधिकार केवल परिवार न्यायालय को है। कोर्ट ने गाजियाबाद के सिविल न्यायालय द्वारा पारित निर्णय को अधिकार क्षेत्र के अभाव में शून्य घोषित करते हुए निरस्त कर दिया और वाद को पुनः परिवार न्यायालय को भेजने का निर्देश दिया। उक्त आदेश न्यायमूर्ति संदीप जैन की एकल पीठ ने सचिन कुमार की याचिका को स्वीकृत करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार याची ने वर्ष 2017 में उन्होंने एक फ्लैट खरीदा, जिसकी पूरी कीमत उन्होंने स्वयं चुकाई। पत्नी को उन्होंने "प्रेम और स्नेह" के चलते सह-स्वामी के रूप में शामिल किया था। बाद में वैवाहिक विवाद उत्पन्न होने पर उन्होंने बिल्डर को केवल अपने नाम से विक्रय विलेख निष्पादित करने का निर्देश देने और पत्नी को हस्तक्षेप से रोकने हेतु वाद दायर किया। वहीं बिल्डर का कहना था कि फ्लैट संयुक्त नाम से आवंटित है, इसलिए विक्रय विलेख दोनों के पक्ष में ही किया जा सकता है। ट्रायल कोर्ट ने भी इसी आधार पर वाद खारिज कर दिया। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि वैवाहिक संबंधों से उत्पन्न संपत्ति विवादों में फोरम का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। अतः कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट का निर्णय निरस्त कर मूल वाद को पुनर्जीवित किया और सीपीसी के आदेश VII नियम 10 के तहत वादी को परिवार न्यायालय में वादपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया और परिवार न्यायालय को 6 माह के अंदर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

### दूसरी शादी नियुक्ति से पहले की हो तो कदाचार नहीं : हाईकोर्ट

**विधि संवाददाता,प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सरकारी सेवा में आने से पहले की गई 'द्विविवाह' को आधार बनाकर किसी कर्मचारी को यूपी सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली, 1956 या अनुशासन एवं अपील नियमावली के तहत दंडित नहीं किया जा सकता। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि ऐसी वैवाहिक स्थिति नियुक्ति की पात्रता को प्रभावित करती है और इससे नियुक्ति शुरू से ही अमान्य हो सकती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की खंडपीठ ने रीना की याचिका को निस्तारित करते हुए पारित किया। कोर्ट ने माना कि आचरण नियमावली, 1956 का नियम 29 केवल सेवाकाल के दौरान के आचरण पर लागू होता है, न कि सेवा में आने से पहले की घटनाओं पर। चूंकि याची ने वर्ष 2009 में ऐसे व्यक्ति से विवाह किया था, जिसकी पहली पत्नी जीवित थी, जबकि उसे 2015 में सहायक शिक्षक के रूप में नियुक्ति मिली, इसलिए इस आधार पर उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आचरण नियमावली की प्रयोज्यता केवल उन व्यक्तियों तक सीमित है, जो पहले से सेवा में हैं, इसे नियुक्ति-पूर्व आचरण तक बढ़ाना विधिक सिद्धांतों के विपरीत होगा। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि यदि कोई महिला ऐसे पुरुष से विवाह करती है, जिसकी पत्नी जीवित है, तो वह नियुक्ति के लिए अयोग्य मानी जाएगी, जब तक कि सक्षम प्राधिकारी से छूट न मिली हो।

# विकास के पथ पर है प्रदेश : जय प्रताप

## प्रदेश में भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम का देखा लाइव प्रसारण

संवाददाता, सिद्धार्थनगर



लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखते जिले के जनप्रतिनिधि व अधिकारी।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर लखनऊ के लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने देखा।

इस मौके पर विधायक बांसी जय प्रताप सिंह ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की क्या था, यह सभी को पता है। प्रदेश में माफिया हावी थे। लेकिन प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद स्थिति बदलने लगी, आज प्रदेश विकास के पथ पर तेजी से बढ़ता जा रहा है। महिलाओं की सुरक्षा नहीं थी। बिजली की व्यवस्था नहीं थी। लेकिन आज महिलाएं सुरक्षित हैं और सड़कों पर निकल रही है। माफियागीरी बंद हो चुकी है। 18-24 घन्टे बिजली मिल रही है। विभिन्न योजनाओ का लाभ महिलाओं को दिया जा रहा है। कृषि के क्षेत्र में भी बहुत काम हुआ है। प्रदेश में एक्सप्रेस वे बने है। आयुष्मान योजनान्तर्गत 5 लाख तक की इलाज की निःशुल्क सुविधा दी जा रही है। डीबीटी के माध्यम से योजनाओं का लाभ सीधे बैंक खाते में प्रेषित किया जा रहा है। प्रदेश में 2017 के बाद परिवर्तन हुआ है, हमारे जीवन में भी परिवर्तन हुआ है। गांव में लोगों को पक्का मकान मिला है। आज के इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया। अध्यक्ष जिला पंचायत शीतल सिंह ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरवशाली है। आज मुख्यमंत्री के कार्यकाल के सफलतापूर्वक 09 वर्ष पूर्ण हो रहे है। बेटिया निर्भीक होकर चल रही है। आज विकास धरातल पर दिख रहा है। जिलाध्यक्ष भाजपा श्री दीपक मौर्या ने सभी का स्वागत करते हुए सरकार के 09 वर्ष पूर्ण होने पर सभी को बधाई दिया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओ के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र/प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## भजन संध्या और नृत्य नाटिका का आयोजन

**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर अमृत विचार।** आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ में स्थित राजस्थान अतिथि भवन नगर पंचायत शोहरतगढ़ के बगल में खाटू श्याम बाबा के भव्य व दिव्य दरबार में पूजा-अर्चना के बाद भजन संध्या व नृत्य नाटिका हुई। इसमें भजनों पर श्रद्धालु श्रृद्धा से झूम उठे। इस दौरान 'हारे के सहारे, श्याम बाबा हमारे' के जयकारे खूब लगे। भजन संध्या से पूर्व खाटू श्याम की गायक पंकज निगम ने 'आपकी कृपा से सब काम हो रहा है', भजन प्रस्तुत किया। गायिका नमृता कारवा ने 'दुनिया चले न श्रीराम के बिना राम जी चले न हनुमान के बिना' भजन प्रस्तुत किया। इस दौरान विधायक विनय वर्मा, अध्यक्ष उमा अग्रवाल, प्रतिनिधि रवि अग्रवाल, अमृत अग्रवाल, मीना बबूना आदि सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहें।

# लखनऊ एटीएस ने युवक को पकड़ा

जिला संवाददाता, संतकबीरनगर

● फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले की जांच कर रही एजेंसी पहुंची खलीलाबाद, की जांच-पड़ताल

**अमृत विचार।** फर्जी आधार कार्ड बनाने के बड़े नेटवर्क के खुलासे के बाद सक्रिय उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) की टीम ने बुधवार को संतकबीरनगर जिले के खलीलाबाद से एक युवक को गिरफ्तार किया। टीम ने युवक का लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए। जिन्हें जांच के लिए कब्जे में लिया। देर शाम पकड़े गए आरोपी युवक को साथ लेकर एटीएस लखनऊ रवाना हो गई।

अगस्त 2025 में उत्तर प्रदेश की एटीएस लखनऊ की टीम ने फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले गिरोह का बड़े स्तर पर खुलासा किया था। एटीएस ने इस प्रकरण में केस दर्ज किया था। इस मामले में आजमगढ़, इटावा, सहारनपुर, औरैया और गोरखपुर समेत कई जिलों से 15 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। एटीएस से जुड़े सूत्रों के मुताबिक जांच -पड़ताल के दौरान गोरखपुर जिले के निवासी आरोपी राजीव तिवारी का नाम सामने आया था। जिसे पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। एटीएस की जांच -पड़ताल में सामने आया कि कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के नौरंगिया का रहने वाला विनोद कुमार विश्वकर्मा का संबंध इसी गिरोह से जुड़े गोरखपुर के रहने वाले आरोपी राजीव तिवारी से था। वह तकनीकी रूप से आरोपी राजीव तिवारी का मदद करता था। इसके बाद एटीएस ने नाम प्रकाश में आने पर आरोपी विनोद कुमार विश्वकर्मा के खिलाफ कोर्ट से गैर जमानती वारंट प्राप्त किया था। तभी से उसकी तलाश की जा रही थी। बुधवार को लोकेशन ट्रेस होने पर एटीएस के इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में टीम कोतवाली खलीलाबाद पहुंची। कोतवाली पुलिस की मदद से एटीएस टीम ने सब्जी मंडी स्थित आरोपी विनोद की लोहे व स्टील की दुकान पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी की दुकान से लैपटॉप, मोबाइल फोन और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए। जिन्हें जांच के लिए कब्जे में ले लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को कोतवाली खलीलाबाद लाकर गहन पूछताछ की। देर शाम एटीएस टीम उसे अपने साथ लखनऊ ले गई।

# रेलवे में तेजी से स्थापित किए जा रहे गति शक्ति कार्गो टर्मिनल : रेल मंत्री

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में गति शक्ति कार्गो टर्मिनल पर चर्चा करते हुए कहा कि देश में आज 128 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल कमीशन हो चुके हैं और चल रहे है।

इसी क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे पर माल ढुलाई को तेज और सुगम बनाने, लॉजिस्टिक्स लागत में कमी लाने, रेल राजस्व में वृद्धि, उद्योगों को बढ़ावा देने, क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति देने एवं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करने तथा पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्थापित किये जा रहे है। इस रेलवे पर 04 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल प्रारंभ किये जा चुके हैं। 09 कार्गो टर्मिनल स्थापित किये जाने का कार्य प्रगति पर है। 04 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल जिसमें हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड, नकहा जंगल, जहाँ पर उर्वरक (यूरिया) की लोडिंग, अंकुर उद्योग लिमिटेड, सहजनवा से लौह (सरिया) की लोडिंग के साथ ही कोयले की अनलोडिंग एवं अडाणी एग्री लॉजिस्टिक लिमिटेड, जसोदा में भण्डारण हेतु खाद्यान्न की अनलोडिंग, नेशनल कोलेटरल मैनेजमेंट सर्विस, लखनऊ में खाद्यान्न की अनलोडिंग की जाती है। इसके अतिरिक्त इस रेलवे पर 09 गति शक्ति कार्गो टर्मिनल स्थापित किये जाने का कार्य प्रगति पर है। गति शक्ति कार्गो टर्मिनल से लोडिंग/अनलोडिंग का कार्य आधुनिक मशीनों से होती है, जिससे समय की बचत होती है।

### ट्रेन रहेगी निरस्त

**गोरखपुर, अमृत विचार।** अपरिहार्य कारणों से 31 मार्च तक चलने वाली 05125/05126 छपरा-गोरखपुर कैण्ट-छपरा विशेष गाड़ी एवं 20 मार्च तक चलने वाली 05140 प्रयागराज रामबाग-अयोध्या कैण्ट विशेष गाड़ी 19 मार्च से तथा 21 मार्च तक चलने वाली 05139 अयोध्या कैण्ट-प्रयागराज रामबाग विशेष गाड़ी 20 मार्च से निरस्त रहेगी।

# 10 हजार रुपये की घूस लेते पटल बाबू को रंगे हाथ दबोचा

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** एंटी करप्शन टीम ने डीपीआरओ कार्यालय में सफाई कर्मियों के स्थापना पटल का काम देख रहे एक कर्मी को बुधवार को 10 हजार रुपये की घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने शिकायतकर्ता सफाई कर्मी से बकाया वेतन, एरियर और एसीपी के भुगतान के एवज में तीस हजार रुपये की घूस मांगी थी। महुली थाना क्षेत्र के कोहना गांव निवासी सुधीर सिंह पौली ब्लॉक के सेवईपार ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी के रूप में कार्यरत है। उन्होंने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। आरोप था कि निलंबन अवधि के बकाया वेतन, एसीपी और एरियर के भुगतान के लिए पटल का कार्य देख रहे महुली थाना क्षेत्र के काली जगदीशपुर निवासी राजन कुमार ने 30 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। लगातार चक्कर लगाने के बाद भी काम न होने पर पीड़ित ने 10 हजार रुपये देने की सहमति जताई और सूचना एंटी करप्शन टीम को दी। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम के इंस्पेक्टर अमरजीत ने जांच की, जिसमें आरोप सही पाए गए।



आरोपी को ले जाती पुलिस।

### 9 वर्षों में शोहरतगढ़ का विकास नहीं

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं समाजवादी अध्ययन केंद्र के संस्थापक मणेन्द्र मिश्रा ने भाजपा सरकार के नौ साल के कार्यकाल पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विकास के बड़े-बड़े दावों के बावजूद शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है। श्री मिश्रा ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिए सरकार को घेरते हुए कहा कि शोहरतगढ़ और बढ़नी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में विकास की गति पूरी तरह शिथिल है और जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है। सपा नेता ने मुख्य रूप से परिवहन व्यवस्था पर सवाल उठाया।



मणेन्द्र मिश्रा।

### शादी का झांसा देकर युवती का शोषण, मारपीट

**संतकबीरनगर।** बखिरा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती का शोषण करने और विरोध करने पर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपी प्रेमी, उसकी पत्नी समेत चार लोगों के खिलाफ दुष्कर्म, एससी-एसटी एक्ट व अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं।


**उत्तर रेलवे**

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से संबंधित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14205-SLR-F1-AYC-DLI-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14207-SLR-F1-MBDP-DLI-26-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 13.03.2026 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 30.03.2026 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 30.03.2026 at 10:50 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

906/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# यांत्रिक कारखाना में स्प्रिंग पेंट बूथ का किया गया उद्घाटन



स्प्रिंग पेंट बूथ का उद्घाटन करते अधिकारी। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे यांत्रिक कारखाना के बोगी स्प्रिंग अनुभाग में स्प्रिंग पेंट बूथ का उद्घाटन हुआ। बूथ का उद्घाटन मुख्य कारखाना प्रबंधक/यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर डॉ. सुनील कुमार शर्मा की उपस्थिति में संस्थान की वरिष्ठ महिला कर्मचारी मधुबाला श्रीवास्तव ने किया।

मुख्य कारखाना प्रबन्धक डा. सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि इसके पूर्व स्प्रिंग पेंटिंग का कार्य पारंपरिक हस्तचालित विधि से किया जाता था, जिससे समय अधिक लगता था तथा गुणवत्ता में एकरूपता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता था। इस स्वचालित पेंट बूथ की स्थापना से अब पेंटिंग कार्य अधिक सुव्यवस्थित, तीव्र एवं गुणवत्तापूर्ण हो गया है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से स्प्रिंग पर एक समान पेंटिंग सुनिश्चित हो रही है तथा वैज्ञानिक 'क्योरिंग' प्रक्रिया के कारण पेंट की टिकाऊपन एवं मजबूती में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। पेंटिंग की प्रक्रिया पूर्णतः बंद वातावरण में संपन्न होने से बाहरी धूल एवं नमी का प्रभाव न्यूनतम हो गया है, जिससे फिनिशिंग की गुणवत्ता बेहतर हुई है। यह व्यवस्था कर्मचारियों को हानिकारक वाष्पों एवं रसायनों के सीधे संपर्क से बचाते हुए कार्यस्थल की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य मानकों को सुदृढ़ करने में सहायक होगी। यह पहल यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर में आधुनिकीकरण, उत्पादन क्षमता में वृद्धि, गुणवत्ता सुधार एवं सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।


# कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति गोण्डा

पत्रांक-कृ0उ0म0स0गो0/2026/140

दिनांक-18-03-26

## संशोधन दुकान आवंटन नीलामी सूचना

उपनिदेशक (प्रशा0/विप0) मण्डी परिषद अयोध्या के आदेश दिनांक-14.03.2026 द्वारा दिनांक-24.03.2026 को दुकानो के आवंटन की नीलामी हेतु सूचना विज्ञापन में प्रकाशित करायी गयी थी, जिसको अपरिहार्य कारणवश उपनिदेशक (प्रशा0/विप0) मण्डी परिषद अयोध्या द्वारा दिनांक-17.03.2026 निर्देशित किया गया है कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति, गोण्डा में नवीन मण्डी स्थल खाद्यान्न में रिक्त ''ब'' श्रेणी की 03 दुकाने, ''स'' श्रेणी की 12 दुकाने निर्दिष्ट कृषि उत्पादो के लिए रिक्त है तथा नवीन फल / सब्जी मण्डी स्थल में ''ब'' श्रेणी की 01 दुकाने व ''स'' श्रेणी की 01 दुकाने एवं सुपर मार्केट की 03 दुकाने निर्दिष्ट कृषि उत्पादो के लिए रिक्त है, जिसके आवंटन की नीलामी तिथि दिनांक-27.03.2026 को समय अपरान्ह 12:30 बजे नवीन मण्डी स्थल गोण्डा में नीलामी की कार्यवाही कराने हेतु तिथि निर्धारित की गयी है।

नीलामी हेतु अवशेष दुकानों से सम्बन्धित विवरण / तालिका

| क्र0 सं0 | स्थल का नाम | गोदाम/दुकान की श्रेणी | कुल रिक्त गोदाम / दुकान की संख्या | लागत मूल्य (प्रति गोदाम/दुकान) | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | यूजर चार्ज 1.5 प्रतिशत | दुकान की आरक्षण श्रेणी | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | अनुसूचित जाति | अनारक्षित | अन्य पिछडा वर्ग | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/एफ0पी0ओ0 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | गल्ला मण्डी | 'ब' श्रेणी | 03 | 8790000.00 | 87900.00 | 13185 | 01,05 | – | 03 | – |
| 2 | '' | 'स' श्रेणी | 12 | 425000.00 | 42500.00 | 6375 | 01,05,11,15 | – | 03,07,09,13,17,19 | 10,20 |
| 3 | सब्जी मण्डी | 'ब' श्रेणी | 01 | 818000.00 | 81800.00 | 12270 | 05 | – | – | – |
| 4 | '' | 'स' श्रेणी | 01 | 382000.00 | 38200.00 | 5730 | – | – | – | 10 |
| 5 | सुपर मार्केट | – | 03 | 13.36 लाख | 133600.00 | 20040 | 11,15 | – | – | 20 |

दुकानो की नीलामी/आवंटन में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति मण्डी समिति कार्यालय गोण्डा में दिनांक-17.03.2026 से 25.03.2026 तक दुकान नीलामी/आवंटन सम्बन्धी प्रपत्र रू0 250.00 व 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 रू0 45.00 (कुल रू0 295.00) नगद जमा कर प्राप्त करें और नीलामी हेतु प्रपत्र में उल्लिखित निर्धारित शर्तो को पूर्ण करते हुये मण्डी समिति गोण्डा के कार्यालय में जमा किया जाना सुनिश्चित करेंगे। उपरोक्त दुकान आवंटन की नियम व शर्ते पूर्व की भांति ही रहेगी।

**सचिव**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति**
**गोण्डा**

**सभापति / नगर मजिस्ट्रेट**
**कृषि उत्पादन मण्डी समिति**
**गोण्डा**

## न्यूज ब्रीफ

### हत्या के प्रयास मामले में छह आरोपी गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के चूनावढ थाना क्षेत्र में पुलिस ने गोलीबारी कर हत्या का प्रयास किए जाने के मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी (प्रशिक्षु आईपीएस) ज्ञानेंद्र भारती ने बुधवार को बताया कि परविंदरसिंह उर्फ पिंटू जटसिख (28), लवजोतसिंह जटसिख (19), अर्पणसिंह जटसिख (21), विपिनदीपसिंह जटसिख (26), राजेंद्रसिंह जटसिख (28) और गुरविंदरसिंह जटसिख (22) को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को चक 3-एच छोटी गांव के नजदीक युवकों के दो गुटों में आपसी पुरानी रंजिश के चलते झगड़ा हो गया था, जिसमें लाठी-डंडों से हमला किया गया और पिस्तौल से गोलियां भी चलाई गईं। इस संबंध में जसमीतसिंह जटसिख (21) की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया था।

### किशोर पर हमला करने वाले तीन नाबालिग पकड़े

**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम दिल्ली के अशोक विहार में पुराने विवाद को लेकर 16 वर्षीय लड़के की चाकू मारने के मामले में तीन नाबालिगों को पकड़ा गया है। इनमें से एक हाल ही में हत्या के मामले में जमानत पर बाहर आया था। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पीसीआर ने फोन कर 12 मार्च को अशोक विहार इलाके में चाकूबाजी की घटना में 16 वर्षीय अल्ताफ के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना दी। पुलिस ने बताया कि पीड़ित को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। किसी प्रत्यक्षदर्शी के नहीं होने व पीड़ित के बयान देने की स्थिति में नहीं होने के कारण जांचकर्ताओं के लिए यह मामला चुनौतीपूर्ण था। पुलिस के अनुसार भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई और जांच के लिए एक टीम का गठन किया गया।

### पुलिस ने गैंगस्टर रवि पुजारी को किया गिरफ्तार

**ठाणे।** ठाणे पुलिस ने 2017 के जबरन वसूली और गोलीबारी के मामले में जेल में बंद गैंगस्टर रवि पुजारी को गिरफ्तार कर लिया है और स्थानीय अदालत से उसकी हिरासत प्राप्त कर ली है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गैंगस्टर (57) को बुधवार को एक विशेष मकोका अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे 27 मार्च तक पुलिस हिरासत में भेज दिया। पुलिस के अनुसार, ठाणे अपराध शाखा के जबरन वसूली विरोधी प्रकोष्ठ ने मंगलवार को उसे बेंगलुरु के परप्पना अग्रहरा केंद्रीय जेल से हिरासत में लिया और शहर में ले आई।

# महाराष्ट्र के संगमनेर में छठी कक्षा की छात्रा पर तेजाब से हमला

## घटना के चलते इलाके के निवासियों के बीच डर और आक्रोश का माहौल कायम

अहिल्यानगर, एजेंसी

महाराष्ट्र के संगमनेर तालुका से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां स्कूल से घर लौट रही छठी कक्षा की एक छात्रा पर एक अज्ञात युवक ने तेजाब से हमला कर दिया। इस कृत्य ने क्षेत्र के निवासियों के बीच डर और आक्रोश पैदा कर दिया है। यह घटना वडगांव पान इलाके में हुई, जहां यह लड़की पढ़ाई करती है। स्कूल के बाद, सुबह 11:30 से दोपहर 12:45 बजे के बीच, जब लड़की अपनी साइकिल से घर जा रही थी, तब एक अज्ञात युवक ने रास्ता पूछने के बहाने उसे रोका। इससे पहले कि वह कुछ समझ पाती, उसने उसके चेहरे पर तेजाब फेंक दिया और मौके से फरार हो गया। छात्रा (12) के दर्द से चिल्लाने पर जिससे आसपास के निवासी मदद के लिए दौड़े।

उसे शुरू में एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और बाद में आगे के इलाज के लिए लोणी के प्रवरा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। पुलिस ने घटना की व्यापक जांच शुरू कर दी है। उप-विभागीय पुलिस अधिकारी डॉक्टर कुणाल सोनवणे और पुलिस निरीक्षक प्रवीण सालुंखे एक बड़ी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारी इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं और आरोपी का पता लगाने के लिए दस विशेष टीमें तैनात की गई हैं। डॉक्टरों के अनुसार, लड़की के चेहरे के दाईं ओर आंख के पास लगभग सात प्रतिशत जलन हुई है। उसकी हालत फिलहाल स्थिर है और वह चिकित्सकीय देखरेख में है। पीड़िता आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि से आती है, उसके पिता का निधन हो चुका है और उसकी मां परिवार के भरण-पोषण के लिए दैनिक मजदूर के रूप में काम करती है।

इस घटना पर तीखी राजनीतिक प्रतिक्रियाएं हुई हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता चित्रा वाघ ने हमले की निंदा करते हुए इसे बहुत गंभीर बताया और आश्वासन दिया कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री और संरक्षक मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल मामले की बारीकी से निगरानी कर रहे हैं। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष रूपाली चाकणकर ने भी हस्तक्षेप किया है और अधिकारियों को अपराधी की तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को दोहराया है। हमले के पीछे का मकसद अभी स्पष्ट नहीं है।



● रास्ता पूछने के बहाने युवक ने रोका और चेहरे पर फेंका तेजाब

### विधानसभा में उठा मुद्दा, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के संगमनेर में छठी कक्षा की एक छात्रा पर कथित तौर पर हुए तेजाब हमले के बाद कांग्रेस ने बुधवार को विधानसभा में राज्य सरकार की जमकर आलोचना की और यहां कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाया। यह मामला विधान परिषद में भी उठा। निर्दलीय सदस्य सत्यजीत तांबे द्वारा उठाए गए मुद्दे का जवाब देते हुए गृह राज्य मंत्री पंकज भोयर ने कहा कि यह घटना अहिल्यानगर जिले के डीके. मोरे जनता विद्यालय के बाहर हुई। घटना को गंभीर और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि पुलिस को गहन जांच करने के निर्देश दे दिए गए हैं। जब भोयर से पूछा गया कि आरोपियों को तेजाब कहां से मिला, तो कहा कि यह स्कूलों की प्रयोगशालाओं में आसानी से मिल जाता है।

## बांग्लादेश में ट्रेन बेपटरी, 112 से ज्यादा यात्री घायल

**राजशाही।** उत्तरी बांग्लादेश में ढाका जाने वाली इंटरसिटी ट्रेन नीलसागर एक्सप्रेस के नौ डिब्बे बुधवार को बोगुरा में संताहार जंक्शन के पास बागबाड़ी में पटरी से उतर जाने से 112 से ज़्यादा यात्री घायल हो गए। ट्रेन चिल्हाटी की ओर जा रही थी। इस घटना से उत्तरी बांग्लादेश के मुख्य मार्गों पर ट्रेन सेवाएँ बाधित हो गई हैं। यह घटना ईद से पहले हुई है। इसलिए ट्रेन में काफी भीड़ थी और कई यात्री ट्रेन की छत पर सवार थे, जो ट्रेन के झटके खाने पर नीचे गिर गए। घटना में बड़ी संख्या में लोग घायल हुए हैं। बचाव कार्य अभी भी जारी है और इंजीनियर पटरी को ठीक करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं।

ढाका जाने वाली यह ट्रेन चिल्हाटी की ओर जा रही थी तभी दोपहर लगभग 2:30-2:40 बजे संताहार जंक्शन के पास बागबाड़ी में पटरी से उतर गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक पुल के पास जब डिब्बे पटरी से उतरे तो एक ज़ोरदार धमाके जैसी आवाज़ सुनाई दी। अधिकारियों ने बताया कि ऐसा लगता है कि ट्रेन गलती से एक ऐसे क्षेत्र में प्रवेश कर गई थी जहाँ मरम्मत का काम चल रहा था।

## भारत-पाकिस्तान में परमाणु संघर्ष होने का खतरा बरकरार

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सीनेट में बुधवार को प्रस्तुत यूएस इंटेलिजेंस कम्युनिटी के खतरे के आकलन पर वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार भारत और पाकिस्तान के संबंधों के कारण परमाणु संघर्ष का खतरा बना हुआ है। चौंतीस पृष्ठों की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत और पाकिस्तान सीधे संघर्ष शुरू नहीं करना चाहते फिर भी आतंकवादी तत्वों के लिए संकटों को बढ़ावा देने वाली परिस्थितियां मौजूद हैं।

दस्तावेज में कहा गया है, भारत-पाकिस्तान संबंध की वजह से परमाणु संघर्ष का खतरा बना हुआ है क्योंकि पूर्व में इन दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देशों के बीच टकराव हुए हैं, जिससे तनाव बढ़ने का खतरा पैदा हुआ है। पिछले साल जम्मू कश्मीर के केंद्र शासित प्रदेश में पहलगाम के पास हुए आतंकवादी हमले ने संघर्ष को भड़काने वाले आतंकवादी हमलों के खतरों को स्पष्ट कर दिया है। दस्तावेज में कहा गया है, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप से हालिया परमाणु तनाव कम हुआ है और हमारा आकलन है कि कोई भी देश खुले संघर्ष में नहीं लौटना चाहता है लेकिन आतंकवादी तत्वों के लिए संकटों को बढ़ावा देने वाली परिस्थितियां मौजूद हैं।

● अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में दोनों देशों के संबंधों को बताया कारण

दस्तावेज में कहा गया है, पाकिस्तान और तालिबान के बीच संबंध तनावपूर्ण रहे हैं और सीमा पार झड़पें होती रहती हैं, क्योंकि इस्लामाबाद अफगानिस्तान में पाक विरोधी आतंकवादी समूहों की उपस्थिति से लगातार निराश रहा है, जबकि इस्लामाबाद को बढ़ती आतंकवादी हिंसा का सामना करना पड़ रहा है।

अमेरिका की खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड ने बुधवार को सांसदों को बताया कि पाकिस्तान द्वारा विकसित लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों में अमेरिका को निशाना बनाने में सक्षम मिसाइलें शामिल हो सकती हैं। सीनेट खुफिया समिति के समक्ष राष्ट्रीय खुफिया निदेशक गबार्ड ने यह भी कहा कि अमेरिका को होने वाले खतरे वर्तमान में 3,000 से अधिक मिसाइलों से बढ़कर 2035 तक 16,000 से अधिक मिसाइलों तक पहुंचने वाले हैं।

## पाकिस्तान ने अफगान में अभियान को दिया अस्थायी विराम

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने ईद के मद्देनजर और कई देशों के अनुरोध पर बुधवार को अफगान तालिबान के खिलाफ जारी अभियान में ''अस्थायी विराम'' की घोषणा की। इससे एक दिन पहले ही अफगानिस्तान की सरकार ने काबुल में एक अस्पताल पर हमले में 400 लोगों की हत्या का आरोप इस्लामाबाद पर लगाया था। सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने सीमा क्षेत्र में तालिबान के कथित ठिकानों पर पाकिस्तान द्वारा नए हमले किए जाने के कुछ घंटों बाद सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर एक पोस्ट में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि आगामी ईद-उल-फितर को देखते हुए पाकिस्तान ने अपनी पहल पर और साथ ही सऊदी अरब, कतर और तुर्की जैसे मित्र इस्लामी देशों के अनुरोध पर जारी अभियान ऑपरेशन ग़ज़ब-लिल-हक के बीच अस्थायी विराम की घोषणा करने का निर्णय लिया है।

## बिहार में पुलिस पर भीड़ का हमला, एक व्यक्ति की मौत

मुजफ्फरपुर, एजेंसी

बिहार के मुजफ्फरपुर जिले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंचे पुलिस दल पर उग्र भीड़ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

यह घटना मंगलवार देर शाम गायघाट इलाके में हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान स्थानीय निवासी वीर राय के रूप में हुई है। उसने बताया कि वीर राय को गोली लगने से उसकी मौत हो गई। इस घटना में घायल हुए लोगों में गायघाट थाना प्रभारी (एसएचओ) राजा सिंह, अतिरिक्त थाना प्रभारी मनीष कुमार और दो होमगार्ड जवान शामिल हैं। जिला पुलिस द्वारा जारी बयान के अनुसार, एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस दल दो मामलों में वांछित आरोपी भिखारी राय को गिरफ्तार करने मंगलवार शाम गायघाट इलाके में गया था। इसी दौरान अचानक भीड़ जमा हो गई और उसने पुलिसकर्मियों एवं वाहनों पर पथराव शुरू कर दिया। भीड़ ने पुलिस पर गोलीबारी भी की। बयान में कहा गया कि भीड़ की ओर से पथराव और गोलीबारी इतनी तीव्र थी कि पुलिस को आत्मरक्षा में हवा में गोलियां चलाने पर मजबूर होना पड़ा। पुलिसकर्मी किसी तरह वहां से निकलने में सफल रहे। इस घटना में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। बयान में बताया गया कि सभी घायलों का नजदीकी सरकारी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस के अनुसार, ग्रामीण वीर राय की गोली लगने से मौत हो गई। उसने कहा कि मामले की जांच की जा रही है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

● उग्र भीड़ के हमले में थाना प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी घायल

## आतंकी साजिश नाकाम, ग्रेनेड के साथ दो गिरफ्तार

**बठिंडा।** पंजाब में काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) बठिंडा ने बुधवार को एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो हैंड-ग्रेनेड बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान बूटा सिंह उर्फ गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपू (निवासी गिलवाली, फिरोजपुर) और हरमंदर सिंह उर्फ निक्का (निवासी मोथावाली, मोगा) के रूप में हुई है।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि बरामद ग्रेनेड सीमा पार के तत्वों से जुड़ी एक अवैध सप्लाई-चेन का हिस्सा थे, जिनका उद्देश्य सीमावर्ती राज्य में शांति और सार्वजनिक सुरक्षा को भंग करना था। उन्होंने कहा कि इस मॉड्यूल में शामिल अन्य सहयोगियों की पहचान करने और उनके संपर्कों को स्थापित करने के लिए जांच जारी है।

## अहमदाबाद : थोक कपड़ा बाजार में आग, 25 दुकानें जलकर खाक

अहमदाबाद, एजेंसी

गुजरात के अहमदाबाद स्थित कालूपुर इलाके में बुधवार अपराह्न एक थोक कपड़ा बाजार में आग लगने से 25 से अधिक दुकानें जलकर खाक हो गईं। हालांकि इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी अमित डोंगरे ने बताया कि आग लगने की सूचना अपराह्न 1.35 बजे मिली और आग बुझाने के लिए रेवड़ी बाजार में लगभग 36 दमकल गाड़ियां भेजी गईं। आग ने कपड़ा बाजार की 25 से अधिक दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, इस आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। डोंगरे के मुताबिक आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन कपड़े होने की वजह से आग तेजी से फैली।



दुकानों में लगी आग पर काबू करने का प्रयास करते फायर कर्मी ● एजेंसी

### टैंकर पलटने से लगी आग, चालक जिंदा जला

**जयपुर।** राजस्थान के जालोर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-68 पर बुधवार को रसायन से भरा टैंकर पलटने के बाद आग लगने पर टैंकर चालक जिंदा जल गया, जबकि साथ बैठा उसका भाई समय रहते कूद गया। पुलिस ने बताया कि हादसा सिणवाड़ा ओवरब्रिज के पास जैसलमेर-जामनगर राजमार्ग पर हुआ, जब बाड़मेर से सांचौर जा रहा टैंकर पलटने से उसमें भरा रसायन फैल गया और आग लग गई। पुलिस ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैली कि राजमार्ग के कई मीटर हिस्से उसकी चपेट में आ गए, जिसकी वजह से एक तरफ का यातायात बाधित हो गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जिसके बाद सांचौर से दमकल वाहन बुलाकर आग पर काबू पाया गया।

## कांग्रेस सांसद प्रद्युत भाजपा में शामिल

नई दिल्ली/गुवाहाटी, एजेंसी



कांग्रेस नेता एवं लोकसभा सदस्य प्रद्युत बोरदोलोई असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में बुधवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बोरदोलोई ने कांग्रेस से मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने औपचारिक रूप से बोरदोलोई को पार्टी में शामिल किया और उन्हें पटका और टोपी पहनाकर सम्मानित किया।

पांच दशक से अधिक समय तक कांग्रेस सदस्य रहे बोरदोलोई ने दावा किया कि पिछले दो वर्षों से उन्हें पार्टी में अपमान का सामना करना पड़ रहा था, जिसके कारण उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर होना पड़ा।

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सकारात्मक कार्यों ने उन्हें सत्तारूढ़ दल को चुनने के लिए प्रेरित किया। असम के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बोरदोलोई के पार्टी में शामिल होने को मंगलवार को मंजूरी दी। हमारे प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने उनका पार्टी में स्वागत किया।

### प्रद्युत बोरदोलोई का इस्तीफा दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने असम से पार्टी के लोकसभा सदस्य प्रद्युत बोरदोलोई के इस्तीफे को बुधवार को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया और कहा कि वह एक सीट पर टिकट को लेकर नाराज थे तथा उनसे बातचीत का मौका नहीं मिला। कांग्रेस महासचिव और केरल के वायनाड से लोकसभा सदस्य प्रियंका गांधी वाद्रा ने संसद परिसर में इस बारे में पूछे जाने पर कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, मुझे लगता है कि वह एक टिकट आवंटन से नाराज थे, काश हमें इस बारे में बातचीत करने का मौका मिलता।

## साध्वी निरंजन ज्योति ने ओबीसी आयोग अध्यक्ष पद संभाला

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता साध्वी निरंजन ज्योति ने राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (ओबीसी) का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद बुधवार को पदभार ग्रहण कर लिया। साध्वी निरंजन ज्योति ने एक्स पर एक पोस्ट में खुद यह जानकारी दी और यह दायित्व सौंपने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। दायित्व संभालने के बाद उन्होंने इस दौरान मौजूद प्रशंसकों के साथ फोटो भी खिंचवाए।



### परंपरा का भी सम्मान...



महाराष्ट्र के नागपुर में गुड़ी पड़वा की पूर्व संध्या पर आयोजित समारोह के दौरान पारंपरिक परिधान पहने साइकिल-बाइक रैली में भाग लेती महिलाएं।

## पाकिस्तान ने अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध बढ़ाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बुधवार को भारतीय विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया।

पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण (पीएए) ने एक नए नोटिस टू एयरमेन (नोटम) के माध्यम से यह निर्णय लिया। यह नोटिस पिछले नोटिस की समय सीमा 23 मार्च को समाप्त होने से कुछ दिन पहले जारी किया गया था। पीएए ने कहा कि भारत में पंजीकृत सभी विमानों के लिए पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र 24 अप्रैल तक बंद रहेगा। इसने कहा कि यह प्रतिबंध भारतीय एयरलाइंस या ऑपरेटरों द्वारा संचालित, स्वामित्व वाले या पट्टे पर लिए गए विमानों पर लागू होता रहेगा।

## समान नागरिक संहिता बिल गुजरात विस में पेश

गांधीनगर, एजेंसी

गुजरात सरकार ने बुधवार को 'गुजरात समान नागरिक संहिता, 2026' विधेयक विधानसभा में पेश किया, जिसका उद्देश्य धर्म, जाति या पंथ की परवाह किए बिना विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और सहजीवन संबंध से संबंधित कानूनों को विनियमित करना है। अन्य बातों के अलावा, इसमें सहजीवन संबंध (लिव-इन रिलेशनशिप) के पंजीकरण के साथ-साथ औपचारिक घोषणा के माध्यम से उन्हें समाप्त करने का प्रावधान भी है।

उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने यह विधेयक पेश किया। राज्य द्वारा नियुक्त समिति ने एक दिन पहले ही राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के कार्यान्वयन पर अपनी अंतिम रिपोर्ट मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को सौंपी थी। कृषि मंत्री और सरकार के प्रवक्ता जीतू वाघानी ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद बताया कि यूसीसी विधेयक विधानसभा में पेश कर दिया गया है। सदन में इस पर आगे चर्चा होगी। सभी अपने विचार साझा कर सकते हैं। यूसीसी विधेयक एक बहुत महत्वपूर्ण कानून है। हमारी सरकार यह विधेयक इसलिए लायी है ताकि हर नागरिक को समान अधिकार मिल सकें। विधानसभा सचिव सी बी पांड्या ने बताया कि विधेयक का दस्तावेज बुधवार को विधानसभा की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित हो गया, चर्चा और पारित होने के लिए 24 मार्च को विचार किया जाएगा।

● यूसीसी लागू करने की राह पर एक कदम और आगे बढ़ा गुजरात

विकास का पथ

राज्य में दैनिक हड़तालें, पत्थरबाजी व बाजारबंदी अब अतीत की बातें

# विश्वास और विकास की अब नई इबारत लिख रहा कश्मीर

अनिल त्रिगुणायत, श्रीनगर(कश्मीर)

**अमृत विचार :** अगस्त, 2019 में अनुच्छेद 370 निरस्त होने के पश्चात केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आमूलचूल परिवर्तन दिख रहा है। कश्मीर संभाग अब शांति, सुरक्षा व विकास के पथ पर गतिमान हो चला है। बुनियादी ढांचे के निर्माण, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, पर्यटन में रिकार्ड वृद्धि, शिक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी के माध्यम से कश्मीर को मजबूत किया जा रहा है।

यहां दैनिक हड़तालें, पत्थरबाजी व बाजारबंदी अब अतीत की बातें रह गई हैं। परोक्ष नागरिक हानि (कोलेटरल डैमेज) न के बराबर हो गई है, आतंकी गतिविधियों पर अंकुश लग चुका है। पुख्ता सुरक्षा तथा बेहतर कानून व्यवस्था की वजह से वर्ष 2025 में कुल 1.77 करोड़ सैलानी कश्मीर (मिनी स्विट्जरलैंड) आए, जिनमें करीब 36 हजार विदेशी पर्यटक भी शामिल हैं। गरीबी, स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा और बुनियादी ढांचों में भी यहां सुधार हो रहा है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा गत दिनों कराए गए मीडिया टूर के दौरान कश्मीर के हालात को नजदीक से देखने का हमें अवसर मिला। पर्यटन उद्योग कश्मीर की आर्थिकी की रीढ़ है। वर्तमान वर्ष इसके विकास के पहिए को तीव्र गति प्रदान करेगा। सर्दियों में कश्मीर से करीब छह माह तक संपर्क से कटे रहने वाले लद्दाख तक पहुंच के लिए ज़ोजिला सुरंग यथाशीघ्र शुरू कर दिया जाएगा, पर्यटन को इससे उड़ान मिलेगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-444 का ब्राज़लू ब्रिज इसी माह तैयार हो जाएगा। इससे दक्षिणी कश्मीर के कई जिले विशेषकर कुलगाम की श्रीनगर व एनएच-44 से कनेक्टिविटी में सुधार हो जाएगा। पीर की गली टनल बनाने को टेंडर प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसका निर्माण पुंछ व शोपियां के बीच हर मौसम में कनेक्टिविटी देगी।

साधना टनल दूर के सीमावर्ती जिलों सहित करनाह इलाके को स्थिर व सुरक्षित कनेक्टिविटी देगी।

● बेहतर कानून-व्यवस्था की वजह से मिनी स्विट्जरलैंड में विगत वर्ष आए 1.77 करोड़ सैलानी जिनमें करीब 36 हजार विदेशी पर्यटक भी शामिल



### कुदरती विशेषताओं वाले कश्मीर में पर्यटकों का जमावड़ा

दस जिलों वाले कश्मीर में पर्यटकों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। इसमें डल झील, निगीन झील, हाउसबोट व शिकारा सफारी देखना हो तो श्रीनगर। एशिया की सबसे मीठे पानी की झील वुलर व प्रसिद्ध गुरेज घाटी बांदीपोर देखना हो तो बांदीपोर जिला आएं। प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व विख्यात लोलाब घाटी कुपवाड़ा जिले, जबकि झेलम नदी के किनारे स्थित बारामूला जिला स्कीइंग डेस्टिनेशन (गुलमर्ग) के लिए प्रसिद्ध है। गांदरबल जिले में स्थित सोनमर्ग हिल स्टेशन तो देखते ही बनता है। यह जनपद ट्रेकिंग व थजीवास ग्लेशियर के लिए मशहूर है। श्रीनगर से सटे बडगाम जिले में प्रसिद्ध चरार-ए-शरीफ दरगाह स्थित है। बेहद शांत स्थान के रूप में प्रख्यात यूसमर्ग भी यहीं है। अनंतनाग जिले में स्थित पहलगाम की कुदरती खूबसूरती के कहने ही क्या। यह जिला अमरनाथ गुफा व गर्म पानी के चश्मों के लिए जाना जाता है। पुलवामा जिले को कश्मीर का आनंद भी कहा जाता है। यह दूध उत्पादन व केसर की खेती के लिए विख्यात है। सेब नगरी के नाम से मशहूर शोपिया जिला 60 प्रतिशत से अधिक आबादी के लिए रोजगार का केंद्र है। कुलगाम जिला कश्मीर का चावल का कटोरा है।

